**Patrika (Indore), 1st November 2020, Page-12**

## शुद्धिकरण लागत कम होगी

# आइआइटी इंदौर ने हाइड्रोजन उत्पादन प्रक्रिया विकसित की



**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com

**इंदौर.** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) इंदौर ने मेथनॉल-पानी से हाइड्रोजन गैस के उत्पादन के लिए एक प्रक्रिया विकसित की है। शोधकर्ता महेंद्र कुमार अवस्थी और रोहित कुमार राय ने संस्थान में रासायनिक विज्ञान के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. संजय कुमार सिंह के मार्गदर्शन में मेथनॉल-पानी से बड़े पैमाने पर हाइड्रोजन गैस के उत्पादन के लिए रूथेनियम उत्प्रेरक विकसित किए हैं।

इस विधि के जरिए भारत को स्वच्छ ऊर्जा प्राप्त करने प्रयासों में सहायता मिल सकती है। यह अध्ययन कैटलिसिस साइंस एंड टेक्नोलॉजी में प्रकाशित हुआ है। डॉ. सिंह ने इस विधि के लिए एक पेटेंट भी दायर किया है। शोधकर्ताओं ने जिस प्रक्रिया की खोज की उसके जरिए हाइड्रोजन गैस का उत्पादन करके मेथनॉल के उपयोग के लिए स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में काम किया जा सकता है। इससे हाइड्रोजन गैस के शुद्धिकरण लागत को काफी कम किया जा सकता है। बता दें, शोधकर्ता पिछले दो साल से इस प्रक्रिया पर काम कर रहे हैं।